दिनांकः 19.06.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त से प्रदेश के 65 लाख किसान लाभान्वित।
- प्रदेश में राज्यसभा की एक और विधानसभा की पांच सीटें खाली–अधिसूचना जारी हुई।
- डाक घर अधिनियम 2023 हुआ प्रभावी–डाक से भेजी जाने वाली वस्तुओं के लिए कई नये प्रावधान।
- विश्व सिकल सेल जागरुकता दिवस आज–विभिन्न स्थानों पर शिविरों का आयोजन।

000

पीएम किसान सम्मान निधि की कल जारी हुई किस्त से प्रदेश के 65 लाख किसानों को फायदा मिला है। इनके बैंक खातों में डीबीटी के जरिये करीब 1 हजार 300 करोड़ रुपये आए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल वाराणसी में आयोजित किसान सम्मेलन में पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की। उन्होंने ने कहा कि किसान, नौजवान, नारी शक्ति और गरीब, विकसित भारत का मजबूत स्तंभ है। इन्हीं को ध्यान में रखकर उन्होंने अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति बनाने में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि हमें दलहन और तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर और कृषि निर्यात में अग्रणी बनना है। श्री मोदी ने कहा कि उनका सपना है कि दुनिया की हर डाइनिंग टेबल पर भारत का कोई न कोई खाद्य उत्पाद मौजूद हो। इसके लिए खेती में भी जीरो इफेक्ट जीरो डिफेक्ट के मंत्र को बढ़ावा देना होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी इस कार्यक्रम में जयपुर से वीसी के माध्यम से शामिल हुए।

000

प्रदेश में राज्यसभा की एक सीट और विधानसभा की पांच सीटें खाली हो गयी हैं। विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद जैन और राज्यसभा के डिप्टी सैकेट्री दीपक कालरा ने कल इस बारे में अधिसूचना जारी की। प्रदेश में पांच विधायकों के सांसद चुने जाने के बाद उन्होंने विधायक पद से इस्तीफे दे दिये हैं। दौसा से मुरारी लाल मीना, झुंझुनूं से बृजेंद्र ओला, देवली–उनियारा से हरीश मीना, खींवसर से हनुमान बेनीवाल और चौरासी से राजकुमार रोत ने सांसद चुने जाने के बाद त्याग पत्र सौंपा।
वहीं राजस्थान कोटे से राज्यसभा सांसद के.सी. वेणुगोपाल ने सांसद का चुनाव जीतने के बाद राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया है।

000

सुप्रीम कोर्ट ने नीट परीक्षा मामले में पेपर लीक और कदाचार का आरोप वाली याचिकाओं पर एनटीए और केंद्र सरकार को नोटिस दिया है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि परीक्षा के मामले में छोटी सी लापरवाही से भी निपटने की जरूरत है। अदालत ने कहा कि नीट देश की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक है और परीक्षार्थियों की मेहनत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जस्टिस विक्रम नाथ और एसवीएन भट्टी की अवकाश पीठ ने मामले की सुनवाई की। प्रकरण की अगली सुनवाई 8 जुलाई को होगी। न्यायालय ने दोहराया कि वह नीट काउंसलिंग पर रोक नहीं लगाएगा।

000

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को प्रदेशभर में व्यापक रूप से मनाने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। विभिन्न स्थानों पर योग पूर्वाभ्यास कार्यक्रम भी चलाये जा रहे हैं। इनमें हर आयु वर्ग के लोग हिस्सा ले रहे हैं। योग दिवस का राज्य स्तरीय समारोह जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में होगा। जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने कल इसकी तैयारियों का जायजा लिया।

आयुर्वेद विभाग के निदेशक डॉ. आनन्द शर्मा ने बताया कि विभिन्न विभागों और स्वयंसेवी संस्थाओं से समन्वय स्थापित कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को योग से जोड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं। योग महोत्सव के तहत अल्बर्ट हॉल पर योग शिविर लगाया गया।
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में कल बीकानेर में योगशाला और सेल्फ डिफेंस वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें पुलिसकर्मियों, सुरक्षा सखियों, महिलाओं और स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। पाली में भी योग दिवस को लेकर लोगों में उत्साह बना हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर पोस्टर लगाकर लोगों को योग दिवस में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

000

जैसलमेर में सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने गड़ीसर सरोवर के किनारे योगाभ्यास कर स्वस्थ रहने का संदेश दिया। उधर, बाड़मेर में योग दिवस का जिला स्तरीय समारोह आदर्श स्टेडियम में होगा। केकड़ी में चल रहे योग शिविर में विभिन्न आसनों की जानकारी दी गयी। केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से अजमेर में योग दिवस काउंटडाउन के तहत विशेष जागरुकता कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान योग प्रश्नोत्तरी भी हुई। भरतपुर में भी प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से विभिन्न योग क्रियाएं करवाई जा रही हैं।

000

डाक घर अधिनियम 2023 कल से प्रभावी हो गया है। इसने भारतीय डाक अधिनियम 1898 का स्थान लिया है। अधिकतम शासन और न्यूनतम सरकार की भावना को बढ़ावा देने के लिए अधिनियम में कोई दंडात्मक प्रावधान नहीं किया गया है। इसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक नागरिक सेवाओं और योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सरल विधायी ढांचा तैयार करना है। नये प्रावधानों के अनुसार भारतीय डाक के माध्यम से भेजी जाने वाली किसी भी वस्तु को सरकार, गंतव्य तक पहुंचने के पहले बीच में ही रोक सकती है। ऐसा किसी भी आपातकालीन स्थिति में और सार्वजनिक सुरक्षा तथा शांति को ध्यान में रखते हुए किया जा सकता है। केंद्र और राज्य सरकार या इन दोनों की ओर से अधिकृत कोई भी अधिकारी ऐसा कर सकता है। नए कानून के तहत प्रतिबंधित किसी भी वस्तु को डाक के जरिए भेजे जाने पर अधिकारी उस पार्सल को खोल सकते हैं, रोक सकते हैं या नष्ट कर सकते हैं। संसद ने पिछले साल दिसम्बर महीने में डाकघर विधेयक 2023 पारित किया था।

000

आज विश्व सिकल सेल जागरुकता दिवस है। सिकल सेल रोग एक आनुवंशिक विकार है। इसमें लाल रक्त कोशिकाओं का आकार बदल जाता है और रक्त प्रवाह बाधित हो सकता है। इस अवसर पर विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम रखे गये हैं। जोधपुर एम्स के सैटेलाइट ट्राइबल सेंटर की ओर से सिकल सेल जागरुकता कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत वरोलिय गांव और दानवाव के जनजातिीय सेंटर में इस बीमारी के बारे में जानकारी दी जाएगी।

000

प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर तेज गर्मी और लू का असर बना हुआ है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार जयपुर, अजमेर, उदयपुर, कोटा, जोधपुर और बीकानेर संभाग में कल कई जगह हीटवेव दर्ज की गयी। हालांकि अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। इसके बावजूद लोग लू और उमस से परेशान रहे। सबसे अधिक 44 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस तापमान श्रीगंगानगर में रिकॉर्ड हुआ। हमारे संवाददाता ने बताया कि रात के समय भी तेज गर्मी का असर रहा।

000

धौलपुर, चूरू, हनुमानगढ़, करौली, पिलानी और अलवर में भी पारा 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। उधर, कोटा, बूंदी और बारां में कल शाम मौसम बदला और गरज के साथ हल्की बारिश हुई। बारां के केलवाड़ा क्षेत्र के जैतपुर गांव में बिजली गिरने से 40 मवेशियों की मौत हो गयी। जयपुर, कोटा, भरतपुर और बीकानेर संभाग में आज कहीं–कहीं बारिश होने की संभावना है।

000